प्रेस विज्ञप्ति

हितधारकों की 21वीं बैठक: इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने परिसंपत्ति गुणवत्ता और सुशासन को विकास का मूल आधार बताया

नई दिल्ली, 18 सितंबर 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) द्वारा आज वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी 21वीं हितधारक बातचीत बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने की। इस कार्यक्रम में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के सभी उधारकर्ताओं द्वारा सक्रिय रूप से भागीदारी की गईं।

अपने संबोधन में, श्री दास ने व्यावसायिक साझेदारों से परिसंपत्ति गुणवत्ता बनाए रखने का आग्रह किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि गुणवत्तापूर्ण शासन इरेडा के दीर्घकालिक विजन का केंद्रबिंदु बना हुआ है। जीएसटी परिषद द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा घटकों पर जीएसटी दरों को 12% से घटाकर 5% करने के बारे में स्वागत करते हुए, उन्होंने कहा कि इस युक्तिकरण से परियोजना के लागत में कमी होगी और घरों, किसानों, उद्योगों और डेवलपर्स के लिए स्वच्छ बिजली और अधिक किफायती हो जाएगी।

श्री दास ने आगे संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण उपायों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नेतृत्व क्षमता और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए लगभग 80 डोमेन विशेषज्ञों और पेशेवरों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने आगे बताया कि इरेडा द्वारा सुशासन और परिचालन दक्षता को और अधिक मज़बूत करने के लिए इकाई मूल्यांकन अनुभाग, दबावग्रस्त परिसंपत्ति प्रबंधन और निगरानी अनुभाग जैसे विशिष्ट अनुभाग भी स्थापित किए गए हैं।



हितधारकों की इस बैठक में इरेडा के वित्तीय प्रदर्शन, हाल की धन उगाही गतिविधियों और पिछली बातचीत बैठक की कार्रवाई रिपोर्ट के बारे में एक प्रस्तुति भी दी गई। यह बताया गया कि उधारकर्ताओं के फीडबैक के आधार पर वित्तपोषण मानदंडों में कई संशोधन करके पहले ही लागू किए जा चुके हैं।

उधारकर्ताओं ने इरेडा के सक्रिय दृष्टिकोण की सराहना की और भविष्य की पहल को आकार देने के लिए नए सुझाव दिए, जिससे भारत के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कंपनी की भूमिका की पुष्टि हुई है।